भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1439

19 दिसंबर, 2022 को उत्तर के लिए

एक विश्व स्तरीय संस्थान के रूप में बीपीएनएसआई

1439. डा. प्रशांत नन्दा:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा बीजू पटनायक राष्ट्रीय इस्पात संस्थान (बीपीएनएसआई) को विश्व स्तरीय संस्थान का दर्जा दिए जाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) इसकी स्थापना के बाद अवसंरचना के विकास के लिए आवंटित निधि और किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार बीपीएनएसआई की अवसंरचना और अन्य उपलब्ध सुविधाओं का स्तरोन्नयन करने की योजना बना रही है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) से (घ): सरकार ने बीजू पटनायक राष्ट्रीय इस्पात संस्थान (बीपीएनएसआई) को दिनांक 01.03.2021 को पुरी से कलिंगनगर के जाजपुर क्लस्टर डेवलपमेंट लिमिटेड में सामान्य सुविधा केंद्र के पास स्थित एक परिसर में स्थानांतरित किया है। संस्थान के उन्नयन के लिए पुनर्संरचना प्रक्रिया के भाग के रूप में, संस्थान के निदेशक मंडल को पुनर्गठित किया गया है। संस्थान का बोर्ड संस्थान के लक्ष्य, पाठ्यक्रम और संस्थान के संचालन के लिए वित्तीय आवश्यकता आदि की निगरानी करने के लिए उत्तरदायी है। बीपीएनएसआई के व्यय को अर्जित राजस्व तथा संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी) द्वारा प्रदत्त सहायता से पूरा किया जाता है।

****